हनुमान दया करो मेरे

मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे,
हनुमान दया करो मेरे॥

तू लाल लंगोटे वाला,
सिर मुकुट कान में बाला,
सियाराम हृदय में तेरे,
हनुमान दया करो मेरे.......

तू महावीर बलशाली,
भक्तों की करे रखवाली,
करूं सुमिरन शाम सवेरे,
हनुमान दया करो मेरे.......

तेरा दर्श विभीषण पाया,
लक्ष्मण के प्राण बचाए,
करें राम बड़ाई तेरी,
हनुमान दया करो मेरे.......

जो तुमसे प्रीत लगाए,
आशा पूर्ण हो जाए,
करो अवगुण दूर तुम मेरे,
हनुमान दया करो मेरे.......

मैं बुद्धिहीन अज्ञानी,
तुम महावीर महाज्ञानी,
मेरी लाज हाथ अब तेरे,
हनुमान दया करो मेरे.......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25275/title/hanuman-daya-karo-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |